Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding exclusion of Bhiwani-Mahendragarh Parliamentary Constituency from National Capital Region

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): सभापति महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र राजस्थान के छह डिस्ट्रिक्ट्स के साथ लगता है। इनमें हनुमानगढ़, चुरू, जयपुर, सीकर और झुंझुनु हैं। पता नहीं क्या किस्मत है कि हमें एन.सी.आर. में शामिल कर रखा है, लेकिन हमें एन.सी.आर. का कोई फायदा नहीं मिलता है। इसके उल्टे जो कंडीशन व अड़चनें कनॉट प्लेस में हैं, वही मेरे सिवानी क्षेत्र में है, वही नांगज चौधरी क्षेत्र में है।

जनप्रतिनिधि चाहे वे विधान सभा के हों, पंचायत के हों या पार्षद हों, हम कई बार भारत सरकार के मंत्रियों से इस बारे में मंत्रणा कर चुके हैं। मेहरबानी करके हमें एनसीआर से बाहर निकालिए, ताकि हमारा काम सुचारू रूप से चल सके। पुरी साहब से मेरी प्रार्थना है, आप सहयोगी से बाद में बात करिएगा। साढ़े 12 बज चुके हैं, टाइम कम है। पुरी साहब, आपके माध्यम से मेरी प्रार्थना है कि हमें एनसीआर से बचाओ। मेरा तो दो सौ किलोमीटर दूर का एरिया है, जो राजस्थान के साथ लगता है। हमें आपसे इस बोर्ड के माध्यम से एक पैसे की भी मदद नहीं मिली, उल्टी अड़चनें ज्यादा हैं। हम चाहते हैं कि हरियाणा प्रदेश भी आगे बढ़ सके। आज 70 प्रतिशत हरियाणा का हिस्सा एनसीआर ने ले रखा है।